छत्तीसगढ़ स्टेट इण्डस्ट्रियल डेव्हलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड

(छत्तीसगढ़ शासन का एक उपक्रम)

(ISO 9001:2008 Certified)

उद्योग भवन, प्रथम तल, रिंग रोड नम्बर 01, तेलीबांधा, रायपुर (छ.ग.) पिन कोड 492006

CIN : U45203CT1981SG001853, PAN : AABCM6288N, ST Regn No. : AABCM6288ND004

दूरभाष : 0771–6002071,72,73 फैक्स : 0771–2583794

Website: www.csidc.in,Email address:csidc.cg@nic.in, csidc_raipur@yahoo.com

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना (मैन्यूअल पद्धति)

निविदा क्रमांक 06/संभाग–4/2016–17/ रायपुर, दिनांक 10/05/2016

मुहरबंद निविदायें सरल क्रमांक 1 हेतु फार्म ''ब'' (आईटम दर) पर एवं सरल क्रमांक 2 हेतु फार्म ''ए'' (प्रतिशत दर) पर वांछित श्रेणी में छत्तीसगढ़ राज्य में एकीकृत पंजीयन प्रणाली 'ई–पंजीयन' के अन्तर्गत पंजीकृत 'अ' वर्ग विद्युत लाइसेंसधारी ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु दिनांक 27/05/2016 अपरान्ह 3.00 बजे तक कार्यालय, कार्यपालन अभियंता संभाग–4 सीएसआईडीसी, उद्योग भवन, द्वितीय तल, रिंग रोड नम्बर 01, तेलीबांधा, रायपुर में आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें उसी दिन अपरान्ह 3.30 बजे उपस्थित निविदाकारों/उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

स. क्र.	कार्य का विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि रु.	निविदा जमा करने का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि	निविदाकार की श्रेणी	दर अनुसूची (एस.ओ.आर)
1	औद्योगिक क्षेत्र बोरई, जिला दुर्ग में एल.ई.डी. लाईट फिटिंग 120 वॉट प्रदाय कर लगाने का कार्य।	17.34 लाख	13,100/–	750.00	02 माह	ई. पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'द' वर्ग एवं इससे ऊपर	आईटम दर
2	औद्योगिक क्षेत्र हरिनछपरा, जिला– कबीरधाम मे ए.सी.एस.आर. कंडक्टर रि–स्ट्रींगिंग का कार्य।	0.97 लाख	2,000/–	300/–	01 माह	ई. पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत 'द' वर्ग एवं इससे ऊपर	विद्युत कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग (विद्युत) रायपुर द्वारा दिनांक – 01/07/2015 से जारी एवं निविदा दिनांक तक संशोधित एस.ओ.आर.

शर्तें :–

(1) कोरे निविदा प्रपत्र इस कार्यालय के कार्यपालन अभियंता संभाग–4 से कार्यालयीन अवधि में निविदा प्रपत्र का निर्धारित मूल्य नगद मुख्यालय उद्योग भवन, प्रथम तल रिंग रोड नम्बर 01, तेलीबांधा रायपुर में भुगतान कर दिनांक 26/05/2016 को अपरान्ह 4.00 बजे तक कार्यपालन अभियंता संभाग–4 सीएसआईडीसी, उद्योग भवन, द्वितीय तल, रिंग रोड नम्बर 01, तेलीबांधा, रायपुर से प्राप्त किये जा सकते है।

(2) निविदा आवेदन के साथ जीवित पंजीयन, आयकर एवं वाणिज्यकर चुकता प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, सर्विस टैक्स रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र एवं 'अ' वर्ग विद्युत लाइसेंस की सत्यापित छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

(3) अमानत राशि किसी भी मान्यता प्राप्त बैंक का सावधि जमा रसीद जो कि प्रबंध संचालक सीएसआईडीसी रायपुर के पक्ष में देय हो, निविदा प्रपत्र के साथ अलग से लिफाफे में प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।

(4) सरल क्रमांक 2 में नान एस.ओ.आर. आईटमों के लिए अलग से दर प्रस्तुत करना होगा।

(5) सरल क्रमांक 1 में उल्लेखित कार्य पूर्ण करने की अवधि से 02 वर्ष (24 माह) तक संपादित कार्य का संधारण तथा मरम्मत कार्य ठेकेदार द्वारा स्वयं के व्यय से किया जाना है। जिसके लिए कार्य की संपूर्ण लागत की 5% राशि Performance Guarantee के रूप में रोकी जावेगी, तथा वह राशि सफलतापूर्वक आवश्यक संधारण तथा मरम्मत कार्य पूर्ण किये जाने पर ही विमुक्त की जावेगी।

(6) सरल क्रमांक 1 में उल्लेखित कार्य में एल.ई.डी. लाइट फिटिंग के लिए निर्माता कंपनी से जारी 5 वर्ष का वारंटी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

(7) देयकों के भुगतान में 1 प्रतिशत उपकर (सेस) की कटौती की जावेगी। न्यूनतम निविदाकार को भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल में पंजीयन की प्रति अनुबंध निष्पादन के पूर्व प्रदाय करना होगा।

(8) निविदायें निगम की निविदा पेटी में डालनी होगी। डाक द्वारा प्राप्त निविदायें स्वीकार नहीं की जावेगी।

(9) निगम द्वारा निर्धारित शर्तों एवं मापदण्ड के अनुसार ही निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की प्रात्रता होगी।

(10) कोई भी या सभी निविदायें स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार प्रबंध संचालक के पास सुरक्षित रहेगा।

(11) निविदा प्रकाशन में टंकन आदि की त्रुटि होने पर मूल अभिलेख ही मान्य होंगे।

कार्यपालन अभियंता ,(संभाग–4)